प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 26.10.2024

- **थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा 04 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 26.10.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0-439/2024 धारा 191(2),190,109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण 1- एजाज पुत्र इश्तकार 2- सन्दीप पुत्र रमेशचन्द निवासीगण ग्राम कूकड़ा थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर 3- निकुलपाल पुत्र राजेन्द्र निवासी चितौड़ा थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर 4- नाहित पुत्र अरशद निवासी ग्राम बिलासपुर थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर कूकड़ी रोड पर स्थित ट्यूबवैल के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 26.10.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामसमुझ राणा मय हमराहीगण द्वारा दौराने चैकिंग 01 शातिर अभियुक्त अमित कुमार पुत्र पप्पूराम निवासी ग्राम खुदाबख्शपुर माजरा थाना बडगांव, सहारनपुर, को मधुबन वाटिका का पास खाईखेड़ा रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 222/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 25.10.2024 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 शातिर चोर 01- साहिबान पुत्र सलीम निवासी खेड़ापट्टी ग्राम सूजडु, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर 2- दानिश पुत्र अतीक

निवासी मोहल्ला दीन मौहम्मद थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को एमएस प्रापर्टी के पीछे वाले ग्राउन्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण की निशांदेही/कब्जे से चोरी की 10 साइकिल, 04 मोबाईल तथा 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 79/2024 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खतौली पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 26.10.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश कुमार शर्मा थाना खतौली मय हमराहीगण मय आबकारी टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र रतिराम निवासी ग्राम निस्तौली थाना टीलामोड जनपद गाजियाबाद को मोनू त्यागी के गौदाम के पास नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 बोतलों में कैरामल कैमिकल युक्त अवैध शराब तथा 90 शराब की बोतलों के ढक्कन (बिना क्यूआर कोड) के बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 437/2024 धारा 60/24 आबकारी अधिनियम व 318(2),318(3),318(4) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 26.10.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 436/2024 धारा 115(2),333,110 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1- नसीम पुत्र रफीक 2- अनस पुत्र नसीम निवासीगण जमशेद कॉलोनी दयालपुरम सैनी नगर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को जानसठ अड्डे से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 26.10.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त निरीक्षक अपराध श्री नरेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 415/2024 धारा 323,376,506 भादवि व ¾ पोक्सो अधिनियम व 67बी आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त अबरार उर्फ बंटी पुत्र इश्तयार निवासी ग्राम खोखनी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को जानसठ अड्डे से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना बुढ़ाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा वांछित/फरार तथा 10 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 26.10.2024 को थाना बुढ़ाना पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0- 460/2022 धारा 120,420,406,504,506,467,468,471 भादवि में 02 वर्ष से वांछित/फरार अभियुक्त तथा 10 हजार का इनामी अभियुक्त रामकुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम लपराना माजरा टपराना थाना झिंझाना, जनपद शामली को जोगियाखेड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 444/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना फुगाना पुलिस द्वारा जाली आधारकार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 26.10.2024 को थाना फुगाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामकुमार नादर मय हमराहीगण द्वारा 03 शातिर जालसाज अभियुक्तगण 1- इकबाल पुत्र असगर निवासी जोगियाखेड़ा थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर 2- मनोज कुमार पुत्र मुंशीलाल निवासी आरपीएस कॉलोनी खानपुर थाना अंबेडकरनगर दिल्ली 3- जीशान पुत्र मुजम्मिल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बुढ़ाना मुजफ्फरनगर को ग्राम जोगियाखेड़ा में इकबाल पुत्र असगर अली के मकान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 एचपी लैपटॉप, 01 प्रिन्टर, 01 आई स्कैनर, 01 फिन्गरप्रिन्ट स्कैनर. 02 एलईडी, 01

कनैक्टिड बोर्ड, 01 जीपीएस, 01 वैब कैमरा, तथा अन्य कागजात बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फुगाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 71/2024 धारा 318(4),336(2),336(3),338,340(2),61(21) व 3/5 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।